# भारतीय रेलवे और उत्तराखंड पर्यटन ने लॉन्च की मानसखंड एक्सप्रेस

## चर्चा में क्यों?

**उत्तराखंड पर्यटन विकास बोर्ड ने, भारतीय रेलवे खानपान और पर्यटन निगम लिमिटेड (IRCTC)** के साथ मिलकर, उत्तराखंड में **कुमाऊँ क्षेत्र** के छिपे हुए रत्नों को बढ़ावा देने के लिये **"मानसखंड एक्सप्रेस"** नामक एक नई पर्यटक ट्रेन शुरू की है।

## मुख्य बिंदु

- **"मानसखंड एक्सप्रेस - भारत गौरव पर्यटक ट्रेन"** 10 रातों/11 दिनों की एक विशेष यात्रा है।
- यह अनूठी यात्रा अपने **आध्यात्मिक महत्त्व और विरासत स्थलों** के लिये मशहूर देवभूमि उत्तराखंड की दिव्य सुंदरता तथा सांस्कृतिक समृद्धि को प्रदर्शित करने के लिये बनाई गई है।
- **22 अप्रैल, 2024** को प्रस्थान करने वाली यह यात्रा पूरे उत्तराखंड के विभिन्न स्थलों की व्यापक खोज प्रदान करती है।
    - ट्रेन के **बोर्डिंग और डिबोर्डिंग स्टेशनों** में पुणे, लोनावाला, पनवेल, कल्याण, नासिक, जलगांव, भुसावल, खंडवा, इटारसी तथा रानी कमलापति शामिल हैं, जो विभिन्न क्षेत्रों के यात्रियों के लिये पहुँच सुनिश्चित करते हैं।
    - यात्रा के कुछ मुख्य आकर्षणों में बालेश्वर, चाय बागानों और मायावती आश्रम का पता लगाने के लिये चंपावत/लोहाघाट का दौरा**नंदा देवी तथा कैंची धाम- बाबा नीम करोली मंदिर में श्रद्धांजलि अर्पित करना एवं नानकमत्ता गुरुद्वारा- खटीमा व नैना देवी- नैनीताल** में आशीर्वाद लेना शामिल है।
    - इसके अतिरिक्त, प्रतिभागियों को जागेश्वर धाम और गोलू देवता - चितई की आध्यात्मिक आभा की खोज करने तथ**हाट कालिका मंदिर एवं पाताल भुवनेश्वर** की यात्रा करने का मौका मिलेगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/indian-railway-s-uttarakhand-tourism-launches-manaskhand-express